| NAME | PLACE | DATE |
|---|---|---|
| Nafa Nuksan | All editions | 07.08.2021 |

**BTTL**

# भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड


**सीआईएनः** L18101RJ2007PLC025502

**पंजीकृत कार्यालयः** एलएनजे नगर, मोर्दी, बांसवाड़ा – 327001, राजस्थान

फोनः 02961 – 231251 – 52, 02962 – 302400; फैक्सः 02961–231254

**कॉर्पोरेट कार्यालय :** भीलवाड़ा टॉवर्स, ए – 12, सेक्टर – 1, नोएडा – 201301 (उ.प्र.)

फोनः 0120–4390300 (EPABX); फैक्सः 0120–4277841

ईमेलः bttl.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाइटः www.bttl.co.in


## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो–विजुअल साधनों के माध्यम से आयोजित होने वाली भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड की 14वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड **("कम्पनी")** की 14वीं वार्षिक आम बैठक **("एजीएम")** शुक्रवार, 10 सितम्बर, 2021 को अपराह्न 2:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग **("वीसी")**/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों **("ओएवीएम")** के माध्यम से, चौदहवीं एजीएम की सूचना, जिसे नियत समय पर प्रेषित किया जाएगा, में निर्दिष्ट व्यवसायों के सम्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। बैठक का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय एलएनजे नगर, मोर्दी, बांसवाड़ा – 327 001, राजस्थान माना जाएगा।

सदस्य ध्यान दें कि जारी कोविड – 19 महामारी के दृष्टिकोण से, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय **("एमसीए")** ने अपने परिपत्र सं. 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021 के साथ पठित परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, उसके पश्चात् परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड **("सेबी")** ने भी अपने परिपत्र SEBI/HO/CFD/ CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020 के साथ पठित परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांकित 15 जनवरी, 2021 **("सामूहिक रूप से लागू परिपत्रों के रूप में संदर्भित")** के हवाले से कैलेंडर वर्ष 2021 में कम्पनियों के एजीएम का आयोजन, आयोजन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों **("वीसी/ओएवीएम")** के माध्यम से आयोजित करने की अनुमति दी है। इन लागू परिपत्रों के अनुपालन में, कम्पनी की 14वीं वार्षिक आम बैठक आयोजन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी। अतः सदस्य एजीएम में मात्र वीसी/ओएवीएम के माध्यम से उपस्थित हो सकते एवं भाग ले सकते हैं। एजीएम में सम्मिलित होने के निर्देश एजीएम की सूचना में दिए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त, लागू परिपत्रों के अनुपालन में, 14वीं एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट केवल उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा भेजी जाएंगी जिनका ईमेल पता कम्पनी अथवा डिपॉजिटरी प्रतिभागी(ओं) के साथ पंजीकृत हैं। पूर्वोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.bttl.co.in, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट, अर्थात् बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com पर तथा एनएसडीएल (रिमोट ई–वोटिंग सुविधा प्रदान कराने वाली एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात् www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होंगे।

वे सदस्य, जिनका ईमेल पता कम्पनी या उनके सम्बद्ध डिपॉजिटरी प्रतिभागी/ओं के साथ पंजीकृत नहीं है, उनसे अनुरोध है कि नीचे दिए गए चरणों का पालन करके अपना ईमेल पता पंजीकृत करें:

क. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए, कृपया कम्पनी के आरटीए अर्थात् बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (यूनिटः भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड), बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, एलएससी के पीछे, नई दिल्ली – 110062 को एक विधिवत हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र भेजें अथवा bttl.investor@lnjbhilwara.com या beetalrta@gmail.com पर ईमेल भेजें एवं ईमेल पता पंजीकृत करने हेतु निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज उपलब्ध करायें:

   (क) फोलियो संख्या, (ख) शेयरधारक का नाम, (ग) ईमेल पता, (घ) पैन कार्ड की प्रति (स्व–सत्यापित), (ङ) आधार की प्रति (स्व–सत्यापित)

   बैंक खाता विवरण अद्यतन करने के मामले में निम्नलिखित अतिरिक्त विवरण/दस्तावेज प्रदान करना वांछित हैः

   (क) बैंक का नाम एवं शाखा, (ख) बैंक खाता का प्रकार, (ग) बैंक खाता संख्या, (घ) एमआईसीआर कोड संख्या, (ङ) आईएफएससी कोड, (च) प्रथम शेयरधारक के नाम वाले रद्द किए गए चेक की प्रति

ख. डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए, कृपया अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी/ओं के माध्यम से अपना ईमेल पता एवं बैंक खाता विवरण अद्यतन करें।

कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर एवं शेयर अंतरण पुस्तकें, एजीएम के उद्देश्य से, शनिवार, 4 सितम्बर, 2021 से शुक्रवार, 10 सितम्बर, 2021 (दोनों दिवस सम्मिलित) तक बंद रहेंगे।

भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्य अथवा जिन्होंने कम्पनी के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं है, वे रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अथवा बैठक के दौरान, एजीएम सूचना में दिए गए तरीके से, ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं।

कम्पनी एजीएम में संपादित किए जाने वाले व्यवसाय के संबंध में अपने सदस्यों को रिमोट ई–वोटिंग एवं एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करेगी। इस प्रयोजन हेतु, कम्पनी ने नेशनल सिक्योरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग की सुविधा हेतु अधिकृत एजेंसी के तौर पर व्यवस्था की है।

रिमोट ई–वोटिंग की अवधि मंगलवार, 7 सितम्बर, 2021 को पूर्वाह्न 9:00 बजे से प्रारम्भ होगी और बृहस्पतिवार, 9 सितम्बर, 2021 को अपराह्न 5:00 बजे समाप्त होगी। 3 सितम्बर, 2021 की कट–ऑफ तिथि के अनुसार, भौतिक रूप में या डीमैटेरियलाइज्ड रूप में शेयरों को रखने वाले सदस्य, इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इसके उपरान्त ई–वोटिंग मॉड्यूल को एनएसडीएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा। वे सदस्य, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हों और जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं हैं, एजीएम दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने हेतु पात्र होंगे।

वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभार्थियों के रजिस्टर में, कट–ऑफ तिथि अर्थात् 3 सितम्बर, 2021 को दर्ज हो, मात्र वे ही रिमोट ई–वोटिंग या वार्षिक आम बैठक में वोट करने का पात्र होगा। डीमैटेरियलाइज्ड तौर पर, भौतिक तौर पर शेयर रखने वाले एवं जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, हेतु ई–वोटिंग की प्रणाली एजीएम की सूचना में प्रदान की जाएगी। ई–वोटिंग हेतु लॉगिन विवरण सदस्यों को उनके पंजीकृत ईमेल पते पर उपलब्ध कराया जाएगा।

किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में, सदस्य http://www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध सदस्यों हेतु फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चन (एफएक्यू) तथा सदस्यों हेतु एजीएम में भाग लेने तथा रिमोट ई–वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका संदर्भित कर सकते हैं अथवा टोल फ्री संख्याः 1800 1020 990 एवं 1800 22 44 30 पर कॉल कर सकते हैं। सदस्य कम्पनी को bttl.investor@lnjbhilwara.com पर लिखकर एवं ईमेल कर सकते हैं।

उपरोक्त जानकारी कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और लाभ के लिए जारी की जा रही है और एमसीए परिपत्रों एवं सेबी परिपत्र(ओं) के अनुपालन में है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार

कृते **भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड**

**शेखर अग्रवाल**

अध्यक्ष व प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

डीआईएनः 00066113

स्थानः नोएडा (उ.प्र.)

दिनांकः 6 अगस्त, 2021